संक्षिप्त

बाइक और महिला को टक्कर मारी

डूंगरपुर,(निसं)। आसपुर थाना अन्तर्गत पूंजपुर से पिण्डावल मार्ग पर देर शाम को एक ऑटो रिक्शा ने पहले एक बाईक को टक्कर मारी इसके पश्चात राह चलती महिला को टक्कर मारी जिससे बाईक सवार दोनो युवक घायल हो गये और महिला भी घायल हुई जिसे अस्पताल ले जाते वक्त महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार निहालपुरा निवासी पंकज पुत्र वालजी पाटीदार अपनी मां लीला देवी को बाइक पर लेकर जा रहा था। पूंजपुर से पिण्डावल की तरफ तेज गति से जा रहे एक ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी। खेतों से अपने घर जा रही एक बुजुर्ग महिला को भी ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पंकज, उसकी मां लीला देवी और पैदल जा रही बुजुर्ग महिला तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को निजी वाहन से पूंजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद सागवाडा अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में घायल बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। फरार ऑटो चालक की तलाश की जा रही है।

कलेक्टर ताराचंद मीणा का अभिनंदन

मावली,(निसं)।मावली कस्बे से राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु ने बताया कि नवनियुक्त जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा का जिला उदयपुर में पदभार ग्रहण करने पर प्रतिनिधिमंडल राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर ने मेवाड़ी पगड़ी ऊपरना फूलों का गुलदस्ता भेंट कर प्रदेश महामंत्री के सानिध्य में स्वागत एवं अभिनंदन किया। जानकारी के अनुसार साथ ही 2 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी बुनकर दिया गया। शीत लहर के चलते ओमीक्रोनजेसी बीमारी से बचने के लिए बालकों को 2 पखवाड़े की ऑनलाइन पढाई चलाई जाए शहरी क्षेत्र में शैक्षिणक गतिविधियां बंद है इस तरह ठामीण क्षेत्र की भी ऑनलाइन पढ़ाई के आदेश किए जाए।

रक्तदान कर रोगी की जान बचाई

डूंगरपुर,(निसं)। जिले के सागवाडा में स्थित एक निजी चिकित्सालय में मरीज जमना देवी सेवक के लिए दुर्लभ गु प ओ नेगेटिव की आवश्यकता पडी, किंतु सागवाडा ब्लड बैंक में यह ग्रुप उपलब्ध नहीं था, जिसकी जानकारी रॉयल ग्रुप के सागवाडा प्रभारी मयूर भोई को मिली। उन्होंने गंभीर स्थिति को देखते हुएओ नेगेटिव रक्तदाताओं की तलाश शुरू की। जिस पर शुभम कलाल,भावेश कलाल रक्तदान के लिए तैयार हुए और झील हॉस्पीटल के ब्लड बैंक में ब्लड बैंक प्रभारी हरिजी एवं साथी हिमांशु भोई, ब्लड बैंक स्टाफ की उपस्थिति में रक्तदान किया। ग्रुप के प्रवक्ता कांतिलाल तोरणीया ने बताया कि इसी तरह डूंगरपुर में जनरल हॉस्पील में भर्ती मरीज मंदा देवी के लिए रक्त की आवश्यकता थी, जिस पर रॉयल ग्रुप के सक्रिय सदस्य संजय परमार रक्तदान करने के लिए 10 किलोमीटर दूर पगारा गांव से डूंगरपुर ब्लड बैंक पहुंचे। इस तरह सागवाडा और डूंगरपुर दोनों स्थानों पर ग्रुप के 3 सदस्यों ने रक्तदान किया।

काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

राजसमन्द, (निसं)। जोधपुर में महिला पशु चिकित्सक एवं पशुधन सहायक से की गई मारपीट के विरोध में गुरूवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ अजय अरोडा, डॉ पुरूषोत्तम पतकी, डॉ जगदीश जीनगर, डॉ कमलेश, राइसन लाल, दिनेश मीना, दिनेश सिंह, श्याम सिंह, ललिता, भारती आदि मौजूद थे।

जाह्नवी का राज्य स्तर पर चयन

राजसमंद, (निसं)। पर्यावरण चेतना, पर्यावरण और सतत विकास विषय पर राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद 2022 का विश्वविद्यालय स्तरीय आयोजन 18 जनवरी को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय की मेजबानी में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अपर्णा शर्मा ने बताया कि युवा संसद में महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा जाह्नवी चारण का राज्य स्तर पर चयन हुआ। जाह्नवी मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 8 छात्राओं ने भाग लिया।

विकास कार्यों का शतक डूंगरपुर निकाय के पूर्व सभापति गुप्ता ने लगाया : डॉ. भट्ट

डूंगरपुर,(निसं)। राजकीय जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय सागवाडा कार्यक्रम की अध्यक्षता सागवाडा नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति के.के.गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि सागवाडा नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंधु पाठकए नरेंद्र पंड्या,हितेश पाटीदार, निलेश संघवी, सुभाष चंद्र भट्ट, सुरेश व मनोज पाटीदार रहे।

डॉ.नीरज भट्ट ने 74 वे संविधान संशोधन पश्चात स्थानीय स्वशासन में नेतृत्व व प्रशासन विषय पर गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाडा से सिद्धेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरियाबाद की डॉ.बीनू झवर के मार्गदर्शन में शोध किया हैं। खास बात यह है कि शोध कार्य में डूंगरपुर नगर परिषद के विशेष संदर्भ सत्र 2०15 से 2०18 पर शोध किया हैं। जिसमें उन्होंने डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति के.के.गुप्ता की स्वच्छता व विकास को लेकर डूंगरपुर शहर को एक अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए किए गए प्रयासों पर शोध को शामिल किया गया हैं।

पूर्व सभापति के.के.गुप्ता का अभिनंदन किया।

सम्मान समारोह में पूर्व सभापति गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहां कि हमने जो कहा वह करके दिखाया। आज डूंगरपुर पर किया गया शोध कार्य शहर के 51 हजार शहर वासियों का सम्मान है। विश्व के 50 देशों के समक्ष डूंगरपुर का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य सदैव मेरी स्मृतियों में सहेजा हुआ हैं। विश्व के इतिहास में डूंगरपुर का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हैं जिसे न तो भुलाया जा सकता है और ना ही मिटाया जा सकता है। स्वागत विद्यालय के संस्था प्रधान भरत पाटीदार ने प्रस्तुत किया। आभार विद्यालय की व्याख्याता मोनिका भावसार ने जताया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत माली ने किया।

- स्वच्छता,जल संरक्षण,पर्यावरण संरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर हुए अकल्पनीय कार्य
- पूर्व सभापति गुप्ता के विकास कार्यों पर किया शोध

पुलिस की तानाशाही के विरोध में विधायक धरने पर बैठा

डूंगरपुर,(निसं)। जिले में पुलिस प्रशासन के खिलाफ लगातार बढते रोष व डूंगरपुर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो के साथ कार्यवाहियो के नाम पर डरा धमका कर अवैध वसुली करने वाले देवल चौकी व सदर थाना प्रभारी के खिलाफ डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने गुरूवार को मोर्चा खोल दिया और दोपहर बाद से थाने के बाहर अपने कार्यकर्ताओ एवं पीडितो के साथ धरने पर बैठ गये। जैसे ही विधायक के धरने पर बैठने के समाचार राज्य मुख्यालय तक पहुंचे तो प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल मीणा व वृत्ताधिकारी डूंगरपुर राकेश शर्मा मौके पर पहुंच गये। ओर स्थिति के बारे में जानकारी ली। विधायक ने आरोप लगाया कि सदर थाना प्रभारी हजारीलाल मीणा, देवल चौकी स्टॉफ व मोतली मोड चोकी स्टॉफ सहित दो अन्य कास्टेबल श्रीनिवास विश्वनोई व जयसिह डामोर द्वारा इस क्षेत्र के गरीब आदिवासियो व आम जन के साथ लगातार दुर्व्यव्हार किया जाता है और उनके घरो पर पहुंच कर झुठे मुकद्दमो में फंसाने के नाम पर वसुली की जा रही है। पुलिस की लगातार बढती हठधर्मिता से परेशान होकर क्षेत्र के वाशिंदे विधायक को अपनी फरीयाद की। तो उन्होने सदर थाना प्रभारी व चौकी स्टॉफ से बात की तो विधायक की बात को भी उन्होने अन्देखा करते हुए अपनी मनमानी जारी रखी। इसी बात को लेकर विधायक गुरूवार दोपहर में कार्यकर्ताओ के साथ थाने के सामने धरने पर बैठ गये। विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि पुलिस ने गुंडागर्दी मचा रखी है। बेवजह और निर्दोष लोगों को पुलिस झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल में बंद कर रही है। विधायक ने कहा कि मोतली मोड के हेड कांस्टेबल हेमेंद्र सिंह और सदर थाने के सीआई मिलकर 1 बोतल दारू में पानी मिलाकर 5 से 10 बोतल बनाकर 5 से 10 हजार की अवैध वसूली कर रहे है। एक बाइक वाले को रोककर उनसे भी वसूली का खेल चल रहा है। विधायक ने कहा कि दो दिन पहले मोतली मोड पर एक ढाबा चलाने वाले बाबूलाल के पास कुछ पुलिसकर्मी रात के समय गए।

- एएसपी व डीएसपी पहुंचे मौके पर

न्यूनतम पेंशन वृद्धि को लेकर भामसं ने केन्द्रीय वित्तमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

राजसमंद, (निसं)। केंद्रीय भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत कर्मचारी पेंशन योजना-95 (ईपीएस-95) के अन्तर्गत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन को 1000रूपये प्रति माह से बढाकर 5000 रूपये प्रति माह किए जाने एवं ईपीएस-95 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना के अन्तर्गत शामिल किए जाने की मांग को लेकर जिला भारतीय मजदूर संघ ने जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर निलाभ सक्सैना को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन सौंपा।

भामसं जिला मंत्री फतेहसिंह राव ने कहा कि ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-95 के तहत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन राशि 2014 से 1000 रूपये प्रति माह घोषित की गई थी, जिसे 2014 से अब तक की मुद्रास्फीति की दर एवं वर्तमान महंगाई को ध्यान में रखते हुए बढाकर न्यूनतम पेंशन 5 हजार रूपये प्रति माह किया जाना चाहिए। इस योजना के लगभग 65 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना के दायरे में लाया जाना चाहिए जिससे उनको भी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके। पूर्व की 2009 की यूपीए सरकार ने भी इसको कम मानते हुए बढाने का आशस्वत किया पर इसका लाभ पेंशनधारियों को नहीं मिला। 2014 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार आयी तब फिर भारतीय मजदूर संघ केंद्रीय नेतृत्व ने न्यूनतम पेंशन बढाने का आग्रह किया परन्तु अभी तक उस पर कोई कार्य आगे नही हो पाया और नही पेंशनधारियों को राहत प्रदान की गई। संघ जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि सरकार को ऐसी यूनिवर्सल पेंशन स्कीम तैयार करनी चाहिए जिसमें कर्मचारी को सेवानिवृति पर अंतिम आहरित वेतन की 5० फीसदी पेंशन मिले। इस दौरान कोषाध्यक्ष पवन सुरोलिया, जेके टायर कर्मचरी संघ अध्यक्ष दिग्विजयसिंह भाटी, रत्नेश सिंह, जिल मंत्री फतेहसिंह राव, अश्विनी देराश्री, संपत नाथ सहित कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

न्यूनतम पेंशन वृद्धि को लेकर केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भामसं पदाधिकारी।

नवपदस्थापित जिला कलेक्टर का अभिनंदन

जिला कलेक्ट्रेट कक्ष में नवपदस्थापित जिला कलेक्टर शुभम चौधरी का अभिनंदन किया।

डूंगरपुर,(निसं)। जिले के बाल कल्याण समिति अध्यक्ष भावेश जैन, सदस्य विजय कुमार रावल, बालकृष्ण परमार सदस्य, जयश्री जोशी सदस्य बाल कल्याण समिति डूंगरपुर प्रथम श्रेणी न्यायिक शक्तियां प्रदत न्याय पीठ ने जिला कलेक्टर शुभम चौधरी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही बाल कल्याण के क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियों की चर्चा की।

- बाल कल्याण के क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियों की चर्चा की।

चौधरी का स्वागत अभिनन्दन:- इसीक्रम में डूंगपुर जिला कलेक्टर श्रीमती शुभम चौधरी के 63वे कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण करने पर पुलिस मित्र जिग्नेश वैष्णव के सानिध्य में पुलिस मित्र टीम ने जिला कलेक्टर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया। इस मौके पर पुलिस मित्र जिग्नेश वैष्णव, नरेश बाँसड, दक्ष शाह, संजय यादव सहित महिला पुलिस मित्र जिज्ञासा वैरागी, खुशी चौहान, साक्षी वसीटा, दिया टेलर आदि पुलिस मित्रों ने जिला कलेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया।

राजसमंद में 170 नए कोरोना संक्रमित मिले

राजसमन्द, (निसं)। कोरोना की तीसरी लहर में राजसमंद जिले में गुरूवार को सुबह आई जांच रिपॉर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में 170 पॉजिटिव नए केस मिले हैं। जिले में बढते कोरोना के मामले के बाद जिला प्रशासन के सख्त निर्देश पर चिकित्सा विभाग ने सैंपलिंग भी बढा दी है। एक दिन पूर्व बुधवार को आई जांच रिपॉर्ट में राजसमंद में 145 कोरोना मिले थे, जिसके बाद गुरूवार को आई रिपॉर्ट में पॉजिटिव का आंकडा बढते हुए 170 कोरोना के नए मामले सामने आए थे।

पॉजिटिव आए लोगों में अधिकांश शहरी क्षेत्र में निवास करते है। चिकित्सा विभाग से हर रोज आ रही कोरोना जांच रिपॉर्ट के मुकाबले पिछले एक पखवाडे से कोरोना पॉजिटिव का आंकडा 1 हजार से पार होते हुए गुरूवार को यह संख्या 1056 पर जा पहुंची है। हालांकि राहत की बात यह है कि मरीजों की रिकवरी दर भी बढी है, जिसके बाद गुरूवार तक जिले में कोरोना पॉजिटिव के मुकाबले एक्टीव मामलों की संख्या में कमी होते हुए फिलहाल 787 कोरोना के एक्टीव कैस है। वहीं लगातार आ रहे संक्रमित लोगों के संपर्क में आने वाले लोगों की भी सैंपलिंग की जा रही है। सबसे ज्यादा संक्रमित रेलमगरा ब्लॉक और उसके बाद नाथद्वारा शहर व राजसमंद में मिले हैं। 18 से कम आयु के 11 बच्चे पॉजिटिव मिले है। सीएमएचओ प्रकाशचंद्र शर्मा ने बताया कि जिले में गुरूवार को 170कोरोना संक्रमित मरीज मिले है। रेलमगरा ब्लॉक में 46 मरीज, खमनोर ब्लॉक में 28 मरीज, केलवाडा में 1० मरीज, भीम में 1 मरीज, राजसमंद ग्रामीण ब्लॉक में 13 मरीज, नाथद्वारा शहरी क्षेत्र में 41 मरीज और राजसमंद शहरी क्षेत्र में 31 मरीज संक्रमित मिले है। वहीं दूसरी ओर जिले के आमेट और देवगढ ब्लॉक में एक भी मरीज संक्रमित नहीं मिला है। जनवरी के पिछले एक पखवाडे में जिले भर में पॉजिटिव मरीजों का आंकडा 1 हजार के पार हो गया है। इस महीने में पिछले एक पखवाड की बात करें तो अब तक 1०56 रोगी पॉजिटिव आ चुके हैं। इसके अलावा अन्य राज्य और अन्य जिले के व्यक्ति भी यहां पर पॉजिटिव पाए गए है, उनकी संख्या कम है।

किसानों को इफको यूरिया से निजात दिलाने की मांग पर लिखा पत्र

कानोड़,(निसं)। जिले के ग्रामीण इलाको में इन दिनो यूरिया की किल्लत किसानो को सता रही है लोग हर रोज यूरिया पाने के लिए कतार में खडे रहने को मजबूर है, वहीं सरकार द्वारा सहकारी समितियों में भेजा जा रहा इफको यूरिया किसानो को आर्थिक मंदी में ला रहा है। जिस खाद के बेग की किमत 270 रूपये है उसी खाद के बेग के साथ किसानो को 240 रूपये का नेनो युरिया लिक्विड लेना अनिवार्य कर दिया, यह केवल इफको कम्पन्नी द्वारा किसानो पर अधिक भार थोपा जा रहा है , जिससे कई किसान सरकारी केन्द्रों पर मिलने वाले इफको यूरिया से मुंह मोडने लगे है, ऐसे में सहकारी समितियों में स्टॉक पडा हुआ है , किसान समिति से खाद लेने से कतराने लगे है । किसान सरकार से लंबे समय से सहकारी समितियों में इफको के बजाय आईपीएल या क्रिप्को यूरिया उपलब्ध करवाने की मांग कर रहे है लेकिन उसे अनसूना किया जा रहा है।

सांसद दीया कुमारी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की

राजसमंद, (निसं)। सांसद दीया कुमारी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के मेडता, डेगाणा, ब्यावर, जैतारण और राजसमंद में ब्रॉडगेज, नई रेल लाइनों, यात्री सुविधाओं का विकास तथा ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। केंद्रीय रेलमंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद दीया ने रेलवे की विभिन्न समस्याओं को विधानसभावार प्रस्तुत किया।

इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग : संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र डेगाना और गोटन में जैसलमेर, बाडमेर से चलकर नई दिल्ली सराय रोहिल्ला को जाने वाली मालाणी एक्सप्रेस का ठहराव था। इस ट्रेन को शालीमार एक्सप्रेस बनाकर जम्मूतवी तक विस्तारित किया गया। परन्तु विस्तारीकरण के साथ ही इसका ठहराव गोटन और डेगाना में बंद कर दिया गया। यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र है और ठहराव बंद होने से यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिसका ठहराव सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसी तरह मेडता रोड, ब्यावर, सेंदडा, रेन आदि स्टेशन पर भी विभिन ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी।

सांसद ने मावली-मारवाड रेलवे लाइन के आमान परिवर्तन की मांग रखते हुए कहा कि आगामी

रेल बजट में इस कार्य को पूर्ण करने के लिए नाथद्वारा से देवगढ और देवगढ से मारवाड जंक्शन नई रेल लाइन दो चरणों में बिछाने की आवश्यकता है। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मावली-मारवाड रेल लाइन के आमान परिवर्तन की मांग वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित है।

वर्तमान में मेवाड और मारवाड को जोडने के लिए छोटी रेलवे लाइन है। इन दोनों ही क्षेत्रों में आवागमन और माल के आदान-प्रदान के लिए सडक मार्ग का ही उपयोग करना पड रहा है। इन दोनों क्षेत्रों के बीच ब्रॉडगेज लाइन बिछने के बाद उद्योग जगत में खासा उछाल भी आएगा। मेवाड क्षेत्र का मार्बल उद्योग मारवाड क्षेत्र तक पहुंचेगा। वहीं मारवाड के उत्पाद मेवाड में सीधे रेलवे मार्ग के माध्यम से पहुंचेंगे। योनान्तर्गत पूर्व में रेलवे मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान की थी, लेकिन कुछ तकनिकी कारणों से यह कार्य अधूरा रहा गया। इस रेलवे ट्रैक का आमान परिवर्तन कराने के लिए रेलवे मंडल ने कई बार सर्वे कराया है। ट्रैफिक सर्वे में रेलवे अधिकारियों ने इस मार्ग को उपयुक्त पाया है।

- लम्बित और नई रेल परियोजनाओं के निस्तारण की रखी मांग
- नई रेल लाइन दो चरणों में बिछाने की आवश्यकता : सांसद दीया कुमारी

सार-समाचार

भागवत कथा का शुभारंभ

कुशलगढ़,(निसं)। आज नीलकंठ महादेव मंदिर से आज श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्रीय विधायक रमिला खड़िया के परिवार द्वारा भागवत कथा का विधि विधान से पूजन कर उनके पुत्र रोहित खड़िया और उनकी पत्नी प्रियंका खडिया द्वारा भागवत उठाकर कलश यात्रा के साथ जुलूस निकाला गया जिसका नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और पूजन कर ऐतिहासिक स्वागत कर किया। धर्म नगरी कलश यात्रा जुलूस के रूप में विधायक रमिला खड़िया के निवास पर पहुंची जहां पर आचार्य विष्णु स्वामी महाराज द्वारा कथा का शुभारंभ किया गया क्षेत्रीय विधायक रमिला खडिया ने कहा कि मेरे पति स्वर्गीय हुरतिग जी खडिया का एक संकल्प था कि मेरे निवास पर एक भागवत कथा का आयोजन हो जिसको मैंने आज उनके संकल्प को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करा कर उनके सपनों को साकार किया जिससे उनकी आत्मा को भी शांति मिली आज खडिया परिवार द्वारा कलश यात्रा और भागवत कथा की पुस्तक का स्वर्गीय खडिया की मूर्ति के आगे रखकर भागवत कथा का शुभारंभ किया भागवत कथा में कई लोग भागवत कथा सुनने के लिए उमडे जुलूस में स्वर्गीय खडिया के पिता पी था खडिया छगन लाल जी खडिया विधायक रमिला खडिया पुत्र रोहित खडिया पुत्रवधू प्रियंका खडिया पुत्री किरण प्रीत खडिया और विजय खरिया द्वारा आचार्य श्री विष्णु स्वामी जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर कुशलगढ पंचायत समिति प्रधान कहानी ग रावत सज्जनगढ पंचायत समिति प्रधान रामचंद्र डिंडोर उप प्रधान मांगीलाल नायक पूर्व उप जिला प्रमुख कांतिलाल पंचाल पीसीसी सदस्य हसमुख सेठ नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मई डा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी कुशलगढ ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष जयंतीलाल कव्वालियां प्रतिपक्ष नेता रजनीकांत खबरिया सज्जनगढ ब्लॉक अध्यक्ष रमेश लबाना सहित कुशलगढ क्षेत्र के कई भगत जिला परिषद सदस्य सरपंच पार्षद गण और क्षेत्र की महिलाओं पुरुष कथा में उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक ली

भीम,(निसं)। भीम पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को उपखंड अधिकारी उमेदसिंह राजावत ने गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक ली। बैठक के दौरान विकास अधिकारी डॉ रमेशचंद्र मीणा भीम सरपंच यशोदा कंवर तहसीलदार बाबूलाल पुलिस उपअधीक्षक राजेंद्रसिंह मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार शर्मा मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर समरथलाल मीणा, आदि अधिकारियों के सानिध्य में आयोजित बैठक के दौरान राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमामय तरीके से कोरोना गाइडलाइन की पालना के अनुसार मनाने को लेकर आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित विभाग को जिम्मेदारियां सौंपी गई। उपखंड अधिकारी उमेदसिंह राजावत ने बताया कि उपखंड मुख्यालय के सभी सरकारी विभागीय कार्यालय पर सवेरे 8:00 बजे उपखंड मुख्यालय पर 8:30 बजे एवं मुख्य समारोह स्थल पाटिया स्टेडियम पर 9:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच अमरसिंह, रेंजर जसराज पारीक, विद्युत विभाग सहायक अभियंता डालवेंद्रसिंह, आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर मुख्तियारसिंह भीम पीईईओ विजेंद्रसिंह शेखावत उप कोषाधिकारी कैलाश नाथ योगी प्रधानाचार्य अंजनी कुमार शर्मा आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल

कानोड़,(निसं)। नगर से भीण्डर सडक मार्ग पर रेल्वे स्टेशन रोड पर पेट्रोल पंप के पास एक सड़क हादसे में दंपति एक मासुम सहित पांच लोग घायल हो गए जिनमे से गंभीर घायल दंपति का प्राथमिक उपचार कर उदयपुर एमबी चिकित्सालय पहुँचाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भाणपा निवासी लालुराम पुत्र चेनाराम मीणा उम्र 38 वर्ष अपनी पत्नी लीला बाई उम्र 35 वर्ष व चार वर्षीय मासूम भानजी कोमल के साथ बाइक पर झालको का खेडा गांव में बहन से मिलकर अपने गांव भाणपा की ओर जा रहे था की सामने से तेज गति से आए बाईक सवारो सूर्यभान सिंह पुत्र भगवत सिंह चुण्डावत उम्र 20 वर्ष निवासी डूंगला व राजेश पुत्र राजमल खटीक उम्र 22वर्ष, निवासी कानोड ने टक्कर मार दी जिससे दोनो बाइक सवार सडक पर जा गिरे जिन्हे राहगिरों की मदद से 108 एम्बूलेंस द्वारा कानोड सामुदायिक चिकित्सालय पहुँचाया गया जहां डॉ. आरके सिंह की टीम ने प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर हालात में दंपति को उदयपुर रेफर किया। सडक हादसे के दौरान सडक मार्ग से गुजरते कानोड तहसीलदार लक्ष्मीनारायण सिंह ने हादसा देखा तो थानाधिकारी घेवरचंद से चर्चा कर पुलिस को मौके पर बुलाया तब तक तहसीलदार ने आवागमन बाधित नहीं हो जिसको लेकर व्यवस्था को संभाला जिसके बाद पुलिस वाहन मौके पर पहुँचा ओर दुसरी बाईक पर सवार दो घायल युवकों को कानोड चिकित्सालय पहुँचाया।

घर में तोड़फोड़ के सात आरोपी पकड़े

डूंगरपुर,(निसं)। धम्बोला थानान्तर्गत गत 17 दिसम्बर को जमीन संबंधी विवाद को लेकर सारण खास गांव में एक परिवार पर हमला करने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धम्बोला पुलिस सूत्रो के अनुसार प्रार्थी शंकरलाल पिता काना डामोर निवासी सारण खासथाना कुंआ ने एक लिखित रिपोर्ट दी जिसमे प्रार्थी व भुरालाल पुत्र रूमाल ताबियाड नि डूंगर के बीच जमीन विवाद चला आ रहा है जिसके चलते 16 दिसम्बर की रात को जब वह अपने परिवार सहित घर में सोया हुआ था तो भूरालाल व उसके परिवार जनो ने उसके घर पर पहुंच कर बाहर आने के लिए आवाज लगाई लेकिन उसने कहा कि जो भी बात होगी वह सवेरे करेगे। इतने मे जेसीबी मशीन से घर के पीछे से मकान गिराना चालु कर दिया मै व मेरी पत्नि बच्चे डर के मारे घर के बाहर निकल गये देखा तो मौके पर भुरालाल पुत्र रूमाल ताबियाड निवासी डूंगर, राजमल पुत्र गोतम पारगी निवासी ढेबरा व जैसीबी ओपेरेटर राजु गोदा जिन्होने मिलकर उसके मकान का हिस्सा गिरा दिया जिससे लगभग 5 लाख का नुकसान हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान के पश्चात पुलिस ने इस मामले में गुरूवार को भुरालाल पुत्र रूमालजी ताबियाड निवासी डूंगर थाना कुंआ,राजमल पुत्र गौतम पारगी निवासी बरूनाडा थाना कुंआ, राजु पुत्र मोतीलाल गोदा निवासी बरूनाडा थाना कुंआ,लक्ष्मण पुत्र कानाजी डामोर, शंकरलाल पुत्र कानाजी डामोर, कल्पेश पुत्र कानाजी डामोर, पोपट उर्फ पप्पु पुत्र कानाजी डामोर निवासीयान सारण खास थाना कुंआ को गिरफ्तार किया है। तथा अभियुक्तगण द्वारा घटना में कारित वाहन जेसीबी व बोलेरो को जप्त किया गया।

आदिवासियों की मांगों पर ज्ञापन दिया

डूंगरपुर,(निसं)। आदिवासी जनाधिकार एका मंच सीमलवाडा ब्लॉक कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने आज आदिवासियों की विभिन्न मांगों को लेकर कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम सीमलवाडा को सौंपा। ब्लॉक संयोजक गंगाराम आमलिया ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार आदिवासियों के अधिकारों को सख्ती से लागू नही कर रही है। सरकारे सिर्फ पूंजीपतियों के लाभ के कानून बना रही है, इससे आदिवासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है ओर जब से कोरोना काल आया है तब से ये खतरा ओर बढ गया है। आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा एवं सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व आदिवासी दिवस भी घोषित किया है, लेकिन यहाँ की सरकारें आदिवासियों के अधिकारों की अवहेलना कर रही है।हमारे देश में विकास के नाम से जमीनों के जबरन अधिग्रहण से कुल विस्थापन में आधे सेअधिक विस्थापन आदिवासियों का हुआ है।